54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.8°c
अधिकतम 35.0 °c

|| अमृतवाणी ||
संघर्ष में हार की कल्पना हमेशा होनी चाहिए, इसलिए अपने हार के उत्तराधिकार की तैयारी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है, जितनी अपनी विजय की।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606    संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा    रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वोट बैंक के लिए समाज को बांटने वालों की सिट्टी-पिट्टी, माफिया के सामने गुम हो जाती है : योगी



सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:29 | वर्ष : 54/ अंक : 251 | शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4


सिट्टी-पिट्टी तो माफियाओं की गुम होनी चाहिए.....

# लो कर लो बात ... पत्नी से ज्यादा किन्नर से हो गया प्यार, तीन बच्चों का बाप किन्नर के साथ हुआ फरार

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** शायद इसे ही कलयुग कहते होंगे, जहां अपनी पत्नी और तीन बच्चों से ज्यादा किन्नर से प्रेम होने के बाद तीन बच्चों का पिता किन्नर के साथ फरार हो गया। जी हां आर्यपुरी निवासी एक महिला अपने पति इस्तखार बेग की एक अनोखी शिकायत लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची। शुरू में तो महिला की बात सुनकर किसी को यकीन नहीं आया मगर जब महिला से पूरी

## एसएसपी ऑफिस पहुंची बीवी, बोली- मेरे पास वीडियां, इंसाफ मिले

कहानी सुनी गयी तो सभी के मुंह से एक ही बात निकली कि ऐसा अजीबो-गरीब कारनामा तो सुना ही पहली बार है। महिला ने बताया कि 6 साल पहले आर्यपुरी के निवासी इस्तखार बेग से उसका मुस्लिम रीतिरिवाज के अनुसार निकाह हुआ था। इस्तखार ने महिला से तीन बच्चे भी पैदा किये। महिला ने बताया कि उसके पति का शादी से पहले ही जोया नाम की किन्नर से कथित प्रेम-प्रसंग चल रहा था। किन्नर से कैसे प्रेम होता है, यह भी उसे नहीं पता। उसका आरोप है कि शादी के बाद दोनों के बीच लगातार बातचीत और मुलाकात होती रहती मगर शुरू में महिला को इस बात का जरा भी एहसास नहीं हुआ कि पुरुष का किन्नर





के साथ भी सम्बंध हो सकता है। साधारण किन्नर समझते हुए महिला का पति किन्नर जोया को आए दिन घर लाता रहता था। जोया ने इस बात को स्वाभाविक दोस्ती समझकर कुछ नहीं कहा मगर एक दिन इस्तखार की पत्नी के हाथ जो वीडियो लगी तो उसके पैरों के नीचे की जमीन निकल गई। वीडियो में किन्नर की कमर में हाथ दिये इस्तखार उसके गालों के पास मुंह लगाए सेल्फियां ले रहा था। और भी अन्य अप्राकृतिक कृत्य इस्तखार किन्नर जोया के साथ करता हुआ साफ दिखाई दिया। फिलहाल महिला का आरोप है कि 2 जून को उसके पति इस्तिखार, नंदोई और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। उसका कहना है कि मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गई थी, जिसकी सूचना उसने अपने मायके दी। सूचना पर उसके मामा मामा ससुराल पहुंचे और परिवार के लोगों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उसके पति ने मुंह से तीन तलाक कहकर उसे घर से चले जाने को कहा। अब वह तीन बच्चों के साथ एक रिश्तेदार के यहां रह रही है। महिला का कहना है कि अब उसका पति अपने परिवार से भी अलग किन्नर जोया के साथ कहीं रह रहा है। वीडियो और सबूतों के आधार पर ससुराल पक्ष के लोगों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## पोस्टर लगाने वालों के मुंह पर फिरी लानत, पंडित और मौलाना एक साथ पहुंचे एसएसपी दरबार

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** कुछ असामाजिक तत्व एक ओर 2027 में जनपद का माहौल खराब करके हिन्दू-मुस्लिम कराकर वोट बंटोरने की चाह में बैठे हैं मगर इस बार उनके मंसूबे हर हाल में नेस्ता-नाबूत खुद हिन्दू व मुसलमान करने को तैयार बैठे हैं। आठ दिन पहले राजेश गोयल के नाम से नई मण्डी में विपक्ष के विरोध में आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी, इसी क्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल के भाई की विज्ञापन एजेंसी भारती एडवरटाइजिंग द्वारा 'दंगे याद थे, याद हैं याद रहेंगे' के पोस्टर लगाकर फिर से माहौल को भड़काने की कोशिश की गई। हाथोंहाथ प्रशासन ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए पोस्टर हटवाए और जांच की बात कही। उक्त पोस्टर अब पिछले चार दिन से इसलिए चर्चा का विषय बने हुए हैं, क्योंकि आमजन का मानना है कि यह पोस्टर जिसके भी द्वारा लगवाए गए हैं, वह वास्तव में हिन्दू-मुस्लिम कराकर अपनी-अपनी राजनैतिक गद्दियां हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि पिछले चार दिन में इस मामले का खुलासा करने में पुलिस असफल रही है, ऐसे में लोगों का शक और अधिक बढ़ रहा है कि यह पोस्टर किसी रसूखदार व्यक्ति द्वारा लगवाए गए हैं, जिस कारण अभी तक उक्त मामले में कोई भी चेहरा सामने नहीं आया है। यदि प्रशासन को इस मामले का खुलासा मजबूरन करना भी पड़ा तो उस पर भी लोगों को यकीन आना इसलिए नामुमकिन है, क्योंकि प्रशासन रोडवेज के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की वीडियो तक सोशल मीडिया पर वायरल करने के लिए नहीं दे पाया। यदि प्रशासन वीडियो दे दे तो दो मिनट में चेहरों का खुलासा हो जाएगा। मगर गुरूवार को शहर का सौहार्द कायम करने के लिए दो लोगों द्वारा अच्छी पहल की गयी। एक मौलाना मुफ्ति जुल्फिकार तो दूसरे पंडित अमरनाथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और सौहार्द का उदाहरण पेश करते हुए मीडिया को बताया कि बेशक राजनीतिक लाभ उठाने के लिए कुछ लोग लगातार शहर का माहौल खराब करने की कोशिश में लगे हैं मगर आज हम लोग एसएसपी साहब के पास यही बताने को आए हैं कि किसी भी सूरत में हम अलग-अलग नहीं होंगे। 2013 का दंगा एक हादसा था, उसे हम याद तक नहीं करना चाहते और राजनीतिक लाभ उठाने वाले लोग उसके पोस्टर लगाकर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। मौलाना जुल्फिकार व पंडित अमरनाथ ने गुहार लगाई कि ऐसे लोगों के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए और नगर में 2013 के दंगों की याद दिलाने की दोबारा कोई हिमाकत न कर सके।



## चीनी 50 रुपए से नीचे आई, तुम 60 रुपए बेचकर क्यों लूट मचा रहे हो भाई

**मुजफ्फरनगर,10 सितंबर (बु.)।** चीनी के थोक दामों में लगातार गिरावट के बावजूद रिटेल बाजार में इसके दामों में कमी नहीं आई है। अभी भी रिटेलर महंगाई का रोना रोते हुए साठ रुपए प्रतिकिलो तक चीनी बेच रहे हैं। एल 2 चीनी के मिल डिलीवरी रेट आज 49.50 रुपए पर रहे। बाजार में चीनी के नाम पर खूब लूट मचाई चल रही है। एक बार चीनी के दाम ऊपर गए तो सरकार ने आयात और स्टॉक लिमिट लागू कर दूसरे उपायों से इसे नियंत्रित करने के लिए काम किया। ऐसे में चीनी के रेट मिल डिलीवरी और थोक में तेजी से नीचे आए हैं। विगत कुछ दिनों में इसमें दस रुपए से भी अधिक की कमी आई है। सरकार के उपायों के चलते आज मिल डिलवरी रेट एल टू 49.50 रुपए पर आ गए। इसके बावजूद खुदरा बाजार में मुनाफाखोर बाज नहीं आ रहे हैं। अभी भी पुराने स्टॉक का रोना रोया जा रहा है। हकीकत यह है कि जब चीनी के रेट बढ़े थे तो किसी ने यह कहकर सस्ती चीनी नहीं बेची थी कि उनके पास पुराना स्टॉक रखा है। अब दाम कम हो रहे हैं तो दुकानदार पुराना स्टॉक होने की बात कहते हुए दाम कम करने को तैयार नहीं नजर आ रहे हैं। जबकि स्टॉक लिमिट लागू होने के बाद थोक विक्रेताओं को निर्धारित समय में स्टॉक निकालना मजबूरी है। अब मिल डिलीवरी रेट पचास रुपए से भी कम आने के बावजूद सवाल किया जा सकता है कि दामों में कमी आई, फिर भी साठ रुपए किलो चीनी क्यों बेच रहे हो दुकानदार भाई।



## सरकारी अस्पताल में 'रेफर' का रेट? तीन हजार रुपये लेने का आरोप, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 10 सितंबर (बु.)।** सरकारी अस्पताल में मरीज को मेरठ रेफर करने के नाम पर कथित रूप से रिश्वत मांगने और लेने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में महिला नर्सिंग स्टाफ, जिसे पूजा बताया जा रहा है, पर आरोप लगाया गया है कि मरीज को मेरठ रेफर करने के एवज में पहले 5 हजार रुपये की मांग की गई और बाद में कथित तौर पर 3 हजार रुपये लिए गए। वीडियो में फोन पर सत्यम नामक डॉक्टर से बातचीत होने का भी दावा किया जा रहा है, जिसमें 3 हजार रुपये लिए जाने की बात सामने आने का आरोप है। हालांकि, वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामले की वास्तविकता निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। इस संबंध में सीनियर फार्मेसिस्ट अनिल कुमार से फोन पर बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। अब सवाल यह है कि यदि जांच में रिश्वत लेने के आरोप सही पाए जाते हैं तो क्या केवल छुट्टी पर भेजना पर्याप्त कार्रवाई होगी? स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ होगी।





## वाशिंग मशीन में दौड़ा करंट, महिला की मौत

**भोपा, 10 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के शुक्रताल में स्थित शिवधाम कॉलोनी में गुरुवार सुबह घर में कपड़े धोते समय वाशिंग मशीन में आए करंट के चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। भोपा थानाक्षेत्र के शुक्रताल की शिवधाम कॉलोनी में गुरुवार को महिला मनदीप कौर 35 वर्ष घर में वॉशिंग मशीन से कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान वह अचानक वाशिंग मशीन में आए करंट की चपेट में आ गई और बुरी तरह झुलस गई। मनदीप कौर की चीख सुनकर पति गुरजंट सिंह दौड़कर मौके पर पहुंचे और तुरंत मशीन का प्लग निकालकर महिला को अलग किया, जिसके बाद परिजन आनन-फानन में महिला को मोरना स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मनदीप कौर की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा शोक की लहर दौड़ गयी है। मनदीप कौर अपने पीछे पुत्री शगुन, अवनीत, पुत्र अगम सिंह और पांच वर्षीय भतीजी कुदरत को छोड़ गई हैं। मां के अचानक चले जाने से मासूम बच्चों के सिर से ममता और स्नेह का सहारा उठ गया। परिवार के लिए सबसे दर्दनाक बात यह भी है कि मनदीप कौर अपनी भाभी की मौत के बाद पांच वर्षीया भतीजी कुदरत का अपनी संतान की तरह पालन-पोषण कर रही थीं। वह बच्ची भी अब अचानक अपने मातृ-स्नेह से वंचित हो गई। पति गुरजंट सहित ससुर हरदयाल, सास गुरमीत कौर का सदमे से बुरा हाल है।



## महिला के कानों से कुंडल लूटकर ले गये युवक-युवती



**खतौली, 10 सितम्बर (बु.)।** नगर क्षेत्र के श्यामपुरी मौहल्ले (पंजाबी क्वार्टर) में दिन-दहाड़े बैंक से नकदी लेकर आ रही एक महिला को बातों में उलझाकर लुटेरे युवक-युवती नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला के कानों से सुनहरी धातु के कुण्डल निकालकर फरार हो गए। पीड़ित महिला के साथ हुई घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार वाजिदपुर खुर्द निवासी विमलेश पत्नी जोगिन्दर गुरूवार को नगर के एक बैंक से रुपये निकालकर पैदल ही अपने घर आ रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान एक अज्ञात युवक व एक युवती महिला के पास आए तथा महिला को बातों में लगाते हुए अज्ञात युवक युवती ने महिला को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे महिला बेहेशी की हालत में हो गयी तथा इसी बीच लुटेरों ने महिला के कानों से सोने के कुण्डल उतार लिये तथा लुटेरे मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि कुछ समय बाद अचेत महिला को जब होश आया तो अपने कानों से कुण्डल गायब होने की जानकारी पर महिला द्वारा शोर मचाया जिस पर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा पीड़िता सहित लोगों से घटना के सम्बंध में जानकारी ली गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू की। कोतवाली पुलिस का कहना है कि लुटेरों का शीघ्र सुराग लगाया जायेगा।

## ट्रक व छोटे हाथी में आमने-सामने की भिड़ंत, दो गंभीर

**खतौली, 10 सितम्बर (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जावन कांटे के निकट ट्रक व छोटे हाथी में आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची



पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी खतौली पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को गांव जावन कांटे के पास एक ट्रक व एक छोटे हाथी वाहन के बीच अचानक भिड़ंत हो गयी। दुर्घटना में घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। घायलों की पहचान अक्षय (22 वर्ष) पुत्र ब्रिजेश व बिलाल (15 वर्ष) पुत्र अनवर निवासी गांव अंती के रूप में हुई। घायलों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों द्वारा घायलों को रैफर कर दिया गया। पुलिस की सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## आम आदमी पर चल रहे चालान के चाबुक, परिवहन विभाग की कृपा से डग्गामार वाहनों में लटककर जा रही सवारियां

**मुजफ्फरनगर, 10 सितम्बर (बु.)।** इस शासन में सबकुछ राम भरोसे चल रहा है, यह बताने की आवश्यकता अब नहीं रह गयी है। आमजन की आंखें पूरी तरह से खुल रही हैं और रिश्वतखोरी का बोलबाला तस्वीरों में साफ नजर आता है। बुलेटिन पाठक द्वारा स्वयं अधिकतर तस्वीरें खुद उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार किस कदर चरम पर है और बातें बनाने वाले रामराज की कल्पना करा रहे हैं। रामराज तो दूर यदि ठीक से रावणराज भी स्थापित हो जाए तो वहां भी कुछ न कुछ नियम और कानून होते होंगे। सरकुलर रोड से राणा चौक तक का यह वीडियो डग्गामार वाहन का तो है ही, साथ ही साथ पीछे खड़े तीन-तीन युवक और साइड से खुली खिड़की वाली वैन साफ दर्शा रही है कि परिवहन विभाग की कृपा हो तो यहां सारी धींगामुश्ती चल सकती है। नियम और कानून तो सिर्फ गांव से आने वाले गरीब लोगों के लिए ही बताए जाते हैं। बाहर की गाड़ी का नम्बर देखते ही यातायात विभाग व परिवहन विभाग को शहर के अंदर ही बैल्ट लगाने की याद आ जाती है और तुरन्त चालान कर दिया जाता है। किसी बाइक पर किसी गरीब का दो किलो सामान भी रखा हो तो उसे भी पूरा खंगालने की कोशिश की जाती है कि कहीं वह कोई उठाईगिरा तो नहीं। आए दिन चौराहों पर आम आदमी का तरह-तरह से अपमान होता दिखाई पड़ता है, मगर वर्षों से नेताओं ने इस मामले में आंखें मूंद रखी हैं, क्योंकि उनकी आंखों पर गांधारी वाली पट्टी बंधी हुई है और वह तभी खुलेगी, तब जनता अपने एक-एक चालान का हिसाब आने वाले दिनों में वोट न देकर लेगी। फिलहाल उक्त डग्गामार वाहन का नम्बर व फोटो भी साक्ष्य के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है, कहीं कल को परिवहन व यातायात विभाग के अधिकारी यह न कह दें कि इस वैन का नम्बर हमारे पास नहीं था। तो कृपया अधिकारी यूपी 12 एटी 9022 नम्बर नोट कर लें और ऐसे वाहनों को सीज करने की कृपा करें, जिससे कि कोई जनहानि न हो पाए।




## यूपी: एक करोड़ महिलाओं को एक-एक लाख रुपये देने की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को नई दिशा देने के लिए सरकार ने तीन करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने और एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को योजना भवन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत काम कर रहीं तकनीकी सहयोगी एजेंसियों, बैंकरों, दुग्ध उत्पादक कंपनियों और एचसीएल संस्था के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महिलाओं की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। मौर्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश महिला उद्यमी योजना के तहत एक करोड़ से अधिक महिलाओं को पहली किश्त में 20 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसका ब्याज सरकार वहन करेगी। दूसरी किश्त में 30 हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बैंकर्स को पात्र महिलाओं को सरलता से ऋण उपलब्ध कराने और गरीब महिलाओं के मामलों में सहयोगात्मक रवैया अपनाने के निर्देश दिए।



# घर-घर बिछी खटिया, वायरल तोड़ रहा कमर

**मुजफ्फरनगर,10 सितंबर (बु.)।** मौसम में बदलाव के साथ वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। इसके चलते कोई घर ही शायद बचा हो, जहां बुखार ने अपना पंजा ना फैलाया हो। इस बीच एच1 एन1

## जिले में स्वाइन फ्लू का एक और मरीज मिला, डेंगू की छह मरीजों की पुष्टि

वायरस वाले स्वाइन फ्लू का एक और मरीज मिलने के साथ स्वाइन फ्लू पीड़ितों की तादाद बढ़कर पंद्रह हो गई है। जिले में डेंगू के भी छह मरीज मिल चुके हैं। बुखार से शरीर में जकड़न, दर्द, खांसी, उल्टी दस्त जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे में चिकित्सक बुखार पीड़ितों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

मौसम में बदलाव और उमस से वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। बुखार के साथ मरीजों में सिर, गले और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत बढ़ी है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी से लेकर प्राइवेट चिकित्सकों और नर्सिंग होम्स पर मरीजों की कतार लगी है। शायद ही कोई घर बचा हो जहां वायरल ने पांव ना फैलाए हों। कमजोरी और थकान भी बनी हुई है, जिससे हालत गंभीर होने पर मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। इस बीच स्वाइन फ्लू और डेंगू भी पांव पसार रहा है। जिले में स्वाइन फ्लू का एक और मरीज मखियाली इलाके के बोड़ी गांव में मिला है। इसके साथ ही जनपद में स्वाइन फ्लू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 15



हो गई है। इसके अलावा डेंगू के छह मामले भी विभिन्न इलाकों से मिल चुके हैं। ऐसे में यह मौसम वायरल और वेक्टर जनित बीमारियों के नजरिए से बेहद गंभीर बना हुआ है। हालांकि हर वायरल बुखार स्वाइन फ्लू नहीं होता। डॉक्टरों के अनुसार वायरल के बढ़ने का मुख्य कारण मौसम में अचानक से बढ़ रही ठंड व गर्मी है। वहीं इसमें बच्चे व बुजुर्गों में वायरल अधिक तेजी से फैल रहा है। डॉक्टरों की ओर से भी अस्पतालों में मरीजों को जरूरी सलाह दी जा रही है, ताकि वायरल को फैलने से रोका जा सके। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मेडिसिन ओपीडी के बाहर वायरल के मरीजों की भीड़ लग रही है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में जाने वाले हर तीसरे मरीज को तेज बुखार की शिकायत है। इनमें अधिकांश मरीज वायरल से पीड़ित हैं।

### वरिष्ठ फिजीशियन डॉक्टर पंकज जैन

का कहना है कि इस समय वायरल मौसम के साथ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वायरस तीन तरह से मरीजों को प्रभावित कर रहा है। बुखार के साथ कुछ मरीजों में जोड़ों के दर्द की शिकायत मिल रही है। कुछ को पेट में गड़बड़ी और दस्त की शिकायत मिल रही हैं। कुछ में खांसी और सांस की तकलीफ सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि वायरल से प्रभावित होने पर सामान्य पैरासीटामोल के साथ कम से कम तीन दिन पूर्ण आराम जरूरी है। ऐसा ना करने पर मरीज को बुखार लंबे समय तक प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि स्वाइन फ्लू की स्थिति जांच के बाद ही पता चल पाती है। इसकी पुष्टि होने से पहले किसी रोगी को एंटी बायोटिक या एंटी फ्लू दवाएं देना उचित नहीं है। उन्होंने बुखार होने पर आराम के साथ सही चिकित्सक की देखरेख में उपचार की सलाह भी दी।



### वायरल होने के लक्षण

- शरीर का तापमान बढ़ना और ठंड लगना
- तेज बुखार के साथ शरीर में दर्द होना
- बहुत अधिक थकान महसूस होना
- गले में खराश, खांसी और जुकाम
- उल्टी, दस्त लगना और भूख न लगना

### वायरल से बचाव के तरीके

- कुछ भी खाने से पहले अच्छे से हाथ धोना
- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को रूमाल से ढकें
- गंदे हाथों से अपनी आंख, नाक और मुंह को छूने से बचें
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें
- साफ, उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं
- बाहर के खुले व बासी खाने से बचें
- लक्षण दिखने पर डॉक्टरों की सलाह लें

### जिला चिकित्सालय के प्रमुख फिजीशियन डॉ.योगेंद्र तिरखा

का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ वायरल पीड़ित बढ़े हैं। इस समय जिला चिकित्सालय की ओपीडी में 1800 से 2000 मरीज आ रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में मरीज वायरल, उल्टी दस्त और सांस संबंधी बीमारियों के हैं। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में वायरल सामान्य बात है। स्वाइन फ्लू व डेंगू के जो मरीज मिले हैं, वे बाहर जांच में सामने आए हैं। जिला चिकित्सालय में अभी ऐसा कोई मरीज नहीं पाया गया है।



## लखनऊ में हिंदू प्रेमी-मुस्लिम प्रेमिका ने एक फंदे पर लटककर जान दी

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** लखनऊ में प्रेमी-प्रेमिका ने होटल में सुसाइड कर लिया। दोनों के शव एक ही फंदे पर लटकते मिले। 22 साल का लड़का हिंदू और 19 साल की लड़की मुस्लिम थी। पुलिस जांच में सामने




आया है कि दोनों के परिवार रिश्ते के खिलाफ थे। इसके बाद दोनों हरदोई से भागकर लखनऊ पहुंचे। 18 दिन से होटल में कमरा लेकर रह रहे थे। बुधवार को दिनभर दोनों कमरे से बाहर नहीं निकले। रात 8 बजे होटल के कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर खिड़की से झांककर देखा तो दोनों फंदे से लटके हुए थे। उसने फोन करके पुलिस को बुलाया। दूसरी चाबी से कमरा खोला और शवों को फंदे से उतारा। मामला शहर के चिनहट के होटल रेड बिल्डिंग गेस्ट हाउस का है। पुलिस को कमरे में आर्य समाज मंदिर से शादी का सर्टिफिकेट मिला। सर्टिफिकेट में लड़की का नाम नरगिस उर्फ पूजा और लड़के का नाम अमित कुमार लिखा है।

## 'आप एक्स गर्लफ्रेंड की तरह कर रही व्यवहार', राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने दिल्ली में अपने वोट बनने को लेकर आम आदमी पार्टी के हमले पर तीखा पलटवार किया है। चड्ढा ने कहा कि आप की हालत ऐसी हो गई है कि वह दिन-रात सिर्फ



राघव चड्ढा का नाम ले रही है और अब वह उन्हें रात में सपने में भूत की तरह दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने आप की तुलना ऐसी पूर्व प्रेमिका से की, जिसे उसका प्रेमी छोड़कर आगे बढ़ चुका है, लेकिन वह अब भी उसके प्यार में पागल है और उससे उबर नहीं पा रही है। चड्ढा ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें डर है कि कहीं दिल टूटने के बाद आप उनकी याद में अपनी नसें न काट ले।

## जेवर एयरपोर्ट पर रूस से आए तीन विमानों की सफल लैंडिंग

**नोएडा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को पहली बार विदेशी विमान उतरे। तीन रूसी परिवहन विमान यहां पहुंचे। यह घटना 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले हुई, जो इस सप्ताह के अंत में भारत में आयोजित होने वाला है। विदेशी नेताओं और उनके प्रतिनिधिमंडलों के भारत आगमन के बीच यह लैंडिंग हुई। ये विमान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नई दिल्ली दौरे से पहले आए। पुतिन ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं। वे शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। यह मुलाकात सम्मेलन शुरू होने से एक दिन पहले होगी।

## पत्नी ने किडनी दान कर पति को दिया नया जीवन

**मेरठ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** सुख-दुख में साथ निभाने और जीवनभर एक-दूसरे की ढाल बनने के सात फेरों के वचन को एक पत्नी ने सच कर दिखाया। बुलंदशहर के अहमदगढ़ निवासी 54 वर्षीय सरजीत सिंह पिछले दो वर्षों से क्रानिक किडनी डिजीज स्टेज-पांच की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। समय बीतने के साथ उनकी बीमारी एंड-स्टेज रीनल डिजीज में बदल गई, जिससे उन्हें जीवित रहने के लिए नियमित हीमोडायलिसिस पर निर्भर होना पड़ा। हर बीतते दिन के साथ घटती उम्मीदों और डायलिसिस की असह्य पीड़ा के बीच उनकी पत्नी उमेश देवी पति के लिए जीवनदायिनी बन गई।

## प्रदेश में पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** शासन ने गुरुवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जालौन और बहराइच के डीएम बदल दिए। कुल पांच आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को बहराइच का नया जिलाधिकारी बनाया गया है, जबकि विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को समीर को जालौन का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार आकांक्षा राना नगर आयुक्त, झांसी को विशेष सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा प्रबंध निदेशक, यूपी डेस्को के पद पर भेजा गया है। बी. सूदन मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी को नगर आयुक्त झांसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पंकज वर्मा सचिव, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को मुख्य विकास अधिकारी बाराबंकी के पद पर तैनात किया गया है। इस प्रशासनिक फेरबदल के जरिये पांच अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।

## मस्जिद प्रबंधन की रिट पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**सहारनपुर, 10 सितंबर (एजेंसी)।** कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद ध्वस्तीकरण के मामले में शुक्रवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में सुनवाई होगी। रिट कॉज लिस्ट में लगी है। मामले की सुनवाई कोर्ट नंबर-9 में निर्धारित है। अब सभी की निगाहें पहले दिन होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। पांच सितंबर को कलक्ट्रेट स्थित मस्जिद पर दिए



बेदखली के आदेश के बाद प्रशासन ने उसे ध्वस्त करा दिया था। प्रशासन की कार्रवाई के बाद मस्जिद प्रबंधन कमेटी से लेकर विपक्षी नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इसके साथ ही जमीयत-ए-उलमा-हिंद के प्रतिनिधिमंडल ने भी अधिवक्ताओं से लेकर मस्जिद प्रबंधन कमेटी के सदस्यों से बात की थी। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों से भी मामले को लेकर गहन मंथन किया गया। इसके बाद मंगलवार को आठ सितंबर को मुतव्वली की ओर से हाईकोर्ट में रिट दाखिल की गई।

# मायावती भतीजे पर भड़कीं, फिर पार्टी से निकाला

### कहा- आकाश को पार्टी से ज्यादा ससुर प्रिय, डबल माइंड हो गए; समधी ने संन्यास में देरी की

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** बसपा प्रमुख मायावती के परिवार में सियासी कलह बढ़ती जा रही है। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी से निकाल दिया है। मायावती ने गुरुवार सुबह 9 बजे पर लिखा- आकाश को अपने ससुर से ज्यादा लगाव है। वह डबल माइंड हो गए हैं। 3 सितंबर से उन्होंने मेरी पोस्ट को रिपोस्ट तक नहीं किया। अगर वह पार्टी में स्वतंत्र रहना चाहते हैं तो वे स्वतंत्र हैं। इसलिए आज से उन्हें पार्टी से आजाद कर दिया गया है। उनके ससुर ने इस्तीफे में देरी कर दी।

मायावती ने कल यानी बुधवार आकाश की पार्टी में पद वापस देने के लिए उनके ससुर और पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की शर्त रखी थी। मायावती की इस शर्त के करीब 17 घंटे बाद अशोक सिद्धार्थ ने गुरुवार सुबह 7 बजे राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा- संन्यास तो छोटी बात है। बहनजी के लिए जान भी दे सकता हूं। उनके आदेश के आगे परिवार, रिश्ते-नाते सब बहुत छोटे हैं। मैंने कभी आकाश को गुमराह करने की कोशिश नहीं की। समधी के इस्तीफे के ऐलान के बाद माना जा रहा था कि मायावती आकाश को पार्टी में पद लौटा देंगी। लेकिन, सबको चौंकाते हुए उन्होंने आकाश को पद लौटाना तो दूर की बात उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उधर, आकाश आनंद के समर्थन में 2022 में मऊ की मुहम्मदाबाद गोहना (सुरक्षित) विधानसभा सीट से बसपा के प्रत्याशी रहे डॉ. धर्म सिंह गौतम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, 3 साल में यह दूसरा मौका है, जब मायावती ने आकाश को पार्टी से बाहर निकाला। मायावती ने 7 दिन पहले पार्टी के नंबर दो पद राष्ट्रीय संयोजक से आकाश को हटाया था। तब कहा था- आकाश को



अभी राजनीतिक रूप से और अधिक परिपक्व होने की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक, मायावती को पार्टी के एक करीबी नेता ने अशोक सिद्धार्थ को लेकर भड़का दिया। कहा था कि वह आकाश को गुमराह करके पार्टी के फैसले में दखल दे रहे हैं। इसलिए मायावती ने आकाश की वापसी के लिए अशोक सिद्धार्थ के राजनीति से संन्यास की शर्त रख दी। बातचीत में अशोक सिद्धार्थ कल ही संन्यास के लिए तैयार हो गए थे। गुरुवार सुबह उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया। अब गेंद आकाश के पाले में थी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने आकाश से कहा कि मायावती की पोस्ट को रि-पोस्ट करें। सार्वजनिक तौर पर उनका धन्यवाद करें। लेकिन आकाश इसके लिए तैयार नहीं थे।

# अतिक्रमण हटाने का आदेश, पुलिस फोर्स के साथ पहुंची टीम; सिर्फ छत की दीवार तोड़कर लौटी

**मुजफ्फरनगर, 10 सितंबर (बु.)।** शहर की नुमाइश कैंप कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची टीम ने कथित अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, लेकिन केवल छत पर बनी एक दीवार

**एक फोन आते ही आखिर क्यों लौट गई पालिका टीम, कार्रवाई अधूरी रहने पर उठे सवाल?**

तोड़ने के बाद वापस लौट गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सड़क पर किया गया पक्का अतिक्रमण जस का तस छोड़ दिया गया। बताया गया कि करीब चार माह पूर्व नुमाइश कैंप निवासी प्रमोद कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि बंद गली के रास्ते पर मंदिर की आड़ में पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। शिकायत में चंदन सिंह का नाम भी दिया गया था। शिकायत के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नगर मजिस्ट्रेट को मामले की जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद नगर पालिका को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए। गुरुवार को नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। गली संकरी होने के कारण बुलडोजर नहीं पहुंच सका, जिसके बाद कर्मचारियों ने हथौड़े से कार्रवाई शुरू की। टीम ने छत के ऊपर बनी दीवार को तोड़ा, लेकिन शिकायतकर्ता के मुताबिक नीचे सड़क पर मौजूद कथित पक्का अतिक्रमण नहीं हटाया गया और टीम वापस लौट गई। शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान चंदन सिंह लगातार अधिकारियों से फोन पर बातचीत करते रहे। आरोप है कि एक फोन कॉल के बाद टीम ने कार्रवाई रोक दी। प्रमोद कुमार का यह भी आरोप है कि मौके पर मौजूद चंदन सिंह ने नगर पालिका की टीम और अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया तथा उंगली दिखाकर कथित तौर पर धमकी देने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चंदन सिंह वर्तमान में सदर तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर



तैनात हैं और तहसील में नौकरी करने के चलते नगर पालिका व पुलिस अधिकारियों पर अपना प्रभाव दिखाते हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि मंदिर होने के कारण अतिक्रमण का हिस्सा नहीं तोड़ा गया। दूसरी ओर शिकायतकर्ता का कहना है कि मंदिर और कथित अवैध निर्माण अलग-अलग हैं और दोनों के बीच दीवार मौजूद है। अब सवाल यह है कि जब अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे तो कार्रवाई पूरी क्यों नहीं हुई? क्या किसी दबाव या प्रभाव के चलते कार्रवाई रोकनी पड़ी? चार महीने की शिकायत और जांच के बाद पुलिस फोर्स के साथ पहुंची टीम के लौटने के बाद ये सवाल चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

# अंकित हत्याकांड: पंचायत में कहा- समाज नहीं बैठेगा चैन से

### बाबा नरेश टिकैत ने कहा- चिंगारी बड़ी ज्वाला बन सकती है, गिरोह का सफाया हो

**शामली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड को लेकर गुरुवार शाम पंचायत हुई। इसमें पुलिस कार्रवाई के बावजूद फरार आरोपियों और आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठी। पंचायत में कहा गया कि जब तक गिरोह की जड़ तक नहीं पहुंचकर कार्रवाई नहीं होती, तब तक समाज चैन से नहीं बैठेगा। पंचायत शाम 4 बजे हुई। इसमें बालियान खाप के बाबा नरेश टिकैत, गठवाला खाप के बाबा श्याम सिंह और अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के मनु चौधरी शामिल हुए। अंकित के पिता और पूर्व सैनिक सतवीर सिंह समेत क्षेत्र के प्रमुख लोग और सर्वसमाज के सदस्य भी मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के मनु चौधरी ने बताया कि 26 अगस्त को शामली में अंकित बालियान के साथ घटना हुई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में 4 लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें 2 आरोपी पुलिस



मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, जबकि 2 अभी फरार हैं। मनु चौधरी ने दावा किया कि वारदात के वीडियो फुटेज में चारों आरोपियों की भूमिका दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई केवल गोली चलाने वाले आरोपियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पुलिस को उनके पीछे मौजूद कथित साजिशकर्ताओं और पूरे नेटवर्क तक पहुंचना होगा। मनु चौधरी ने दावा किया कि गिरोह के कुछ सदस्य जेल में हैं, जबकि कुछ विदेश में बैठकर इसे चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिरोह के कनाडा से संचालन की बात सामने आई है। उन्होंने पुलिस से नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर उसे पूरी तरह खत्म करने की मांग की। मनु चौधरी ने कहा कि 2 आरोपियों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद भी सोशल मीडिया के माध्यम से 2 और हत्याओं की धमकी सामने आना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इससे गिरोह से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद होने का संकेत मिलता है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से मामले को समय बीतने के साथ ठंडे बस्ते में नहीं डालने की मांग की। कहा कि अंकित को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब पूरे आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसी दूसरे परिवार का घर न उजड़े।

# अमेरिकी रिपोर्ट में दावा-भारत के पास 190 परमाणु बम : 35 और बनाने लायक प्लूटोनियम भी

**नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** भारत के पास 190 परमाणु हथियार हैं। अगले कुछ सालों में यह 35 और बना सकता है, इस तरह यह संख्या 225 तक पहुंच सकती है। यह जानकारी अमेरिकी थिंक टैंक फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की नई रिपोर्ट में सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों के बेड़े के जरिए भारत समुद्र में अपना 'न्यूक्लियर कवच' बना रहा है। इन 190 परमाणु हथियारों में से 160 से ज्यादा मौजूदा मिसाइलों के लिए हैं, बाकी नई मिसाइलों के लिए तैयार रखे गए हैं। FAS का अनुमान है कि आने वाले समय में भारत के परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ सकती है।




## प्रसूता की मौत होने पर 24 घंटे के अंदर होगा ऑडिट

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** किसी प्रसूता की मौत होने पर 24 घंटे के भीतर आडिट कराया जाएगा। कारणों की पड़ताल के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक मातृ मृत्यु का आडिट सप्ताह में एक बार किया जाता था। जिन जिलों में बार-बार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, वहां व्यवस्थाओं में विशेष सुधार पर जोर दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (एसीएस) अमित कुमार घोष ने यह निर्देश दिए। वह किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के कलाम सेंटर में रीजनल रिसोर्स ट्रेनिंग सेंटर (आरआरटीसी) कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समीक्षा कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वायत्त मेडिकल कालेजों और सभी जिला महिला अस्पतालों के चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

## बद्रीनाथ से लौट रहे 25 यात्रियों की एक पत्थर ने बचाई जान, फेल हो गए थे बस के ब्रेक

**गोपेश्वर, 10 सितंबर (एजेंसी)।** बद्रीनाथ धाम से 25 यात्रियों को लेकर हरिद्वार की ओर जा रही बस लामबगड़ के पास अचानक तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित हो गई। बस के ब्रेक फेल होने एवं स्टेयरिंग लॉक होने के कारण बस गलत दिशा में मुड़ते हुए सड़क किनारे लगे पत्थर से जा टकराई। नीचे उफनाती अलकनंदा की गर्जना खौफ उत्पन्न कर रही थी और बस के अंदर भयभीत यात्रियों की चीख-पुकार मची थी। इससे पहले कि बस नीचे जाती, सड़क किनारे लगे बड़े से पत्थर से जा टकराई और रुक गई। इस तरह एक पत्थर ने 25 जिंदगी बचा लीं। घटना की सूचना मिलते ही थाना गोविंदघाट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से बस में सवार सभी 25 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात रही कि हादसे में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# कैंटर से टकराई तेज रफ्तार कार, दो भाइयों की दर्दनाक मौत; दोस्त घायल

**गाजियाबाद, 10 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत महरौली के सामने एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कैंटर से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में कार सवार दो भाइयों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना 10 सितंबर की रात करीब 2 बजे की है। मेरठ से दिल्ली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार टाटा जेस्ट कार ने एक्सप्रेसवे की बीच वाली लेन में चल रहे कैंटर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से संजयनगर स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने आगे की सीट पर बैठे दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि पिछली सीट पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल है। मृतक (चालक): सचिन कुमार (34) पुत्र धर्मवीर सिंह। मूल निवासी सिकंदरपुर ककोड़ी, बाबूगढ़ (हापुड़) व अनुज (32) पुत्र बचन सिंह। मूल निवासी ग्राम भरना, सिम्भावली (हापुड़)। फिलहाल दोनों राणा जी एन्क्लेव, नजफगढ़ (दिल्ली) में रहते थे। सचिन और अनुज दोनों मामा-फूफी के भाई थे।

# निहंग सिखों ने तलवार से जूसवाले का काटा हाथ

**दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** सेंट्रल दिल्ली का अजमेरी गेट इलाका आज दोपहर खून से लाल हो गया। थाना कमला मार्केट के पास कुछ निहंग सिखों की गुंडागर्दी और दबंगई का खौफनाक चेहरा सामने आया है। एक मामूली बात पर हुए विवाद में निहंगों ने सरेआम तलवार निकालकर एक जूस बेचने वाले पर जानलेवा हमला कर दिया। हमला इतना खौफनाक था कि जूस वाले का हाथ कट गया और सड़क पर खून बिखर गया। घटना सेंट्रल दिल्ली के व्यस्तम इलाकों में से एक, अजमेरी गेट की है। डीसीपी सेंट्रल रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, तलवार से हमले की पीसीआर कॉल कमला मार्केट थाने को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि गन्ने के जूस की दुकान पर झगड़ा हुआ था। झगड़े में दुकान के 35 वर्षीय कर्मचारी के बाएं हाथ की कलाई कट गई। पीसीआर कर्मियों ने घायल को एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया। लोगों ने मौके पर ही दो निहंगों, गगनदीप सिंह (21) और बलजीत सिंह (30) को पकड़ा। ये दोनों भाई पंजाब के जालंधर के रहने वाले हैं और उनके पास तलवारें थीं। उन्होंने दुकान से गन्ने का जूस लिया था। दो गिलास जूस के 60 रुपये के भुगतान पर विवाद हुआ। वे 50 रुपये देने पर अड़े थे। विवाद बढ़ने पर गगनदीप सिंह ने कथित तौर पर पीड़ित पर तलवार से हमला कर दिया। इससे उसके बाएं हाथ में गहरा घाव हो गया। एलएनजेपी अस्पताल में पीड़ित का मेडिकल कराया गया है, जहां चोट की प्रकृति पर डॉक्टर नजर रख रहे हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



## गलत खाते में ट्रांसफर पैसा पुलिस ने वापस कराया

**मुजफ्फरनगर, 10 सितंबर (बु.)।** साइबर थाना पुलिस ने धोखे के शिकार पीड़ित को 48 घंटे में धनराशि वापस करायी गयी है। पीड़ित द्वारा करीब 2.5 माह पूर्व गलती से यूपीआई के माध्यम से दूसरे बैंक खाते में धनराशि ट्रांसफर कर दी गई थी। गलती का अहसास होने पर उसने खाताधारक से धनराशि वापस करने का अनुरोध किया गया, परन्तु उसके द्वारा धनराशि वापस नहीं की गई। इस संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर साइबर थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 48 घंटे के अंदर पीड़ित की धनराशि वापस करायी गयी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित द्वारा साइबर थाना पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की सराहना करते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

## 21 साल जेल में रहा निर्दोष, 16 साल अपील तक नहीं कर सका; पटना हाई कोर्ट ने पुलिस जांच को बताया 'फर्जी'

**पटना, 10 सितंबर (एजेंसी)।** पटना हाई कोर्ट ने समस्तीपुर के मुसरीघरारी थाना कांड संख्या 120/2000 में रंजीत कुमार झा को सुनाई गई उम्रकैद की सजा रद करते हुए उसे बरी कर दिया। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद और न्यायाधीश कुमार मनीष की पीठ ने पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि थाना अध्यक्ष से लेकर जांच अधिकारी तक ने रंजिश रखने वाले गवाहों के साथ मिलकर अपीलकर्ता के खिलाफ झूठा मामला तैयार किया। 46 पृष्ठों के फैसले में कोर्ट ने कहा कि घटनास्थल पर रोशनी का कोई विश्वसनीय स्रोत साबित नहीं हुआ। गवाहों के बयानों में भी गंभीर विरोधाभास थे। प्राथमिकी दर्ज करने में चार दिन की अस्पष्टीकृत देरी और जब्ती सूची में हेरफेर से मामला बाद में गढ़े जाने की आशंका मजबूत होती है।

# नशे में धुत युवकों की कार ने मंदिर के बाहर मचाई तबाही

### विद्युत पोल और नगर पालिका का वाटर कूलर क्षतिग्रस्त, कई घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर, 10 सितंबर (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में साकेत पुलिस चौकी के बराबर स्थित मंदिर के बाहर देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल और नगर पालिका के वाटर कूलर से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि विद्युत पोल टूटकर सड़क पर गिर गया, जबकि वाटर कूलर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कई घंटे बाधित रही। बताया गया कि घटना रात करीब 12:30 बजे की है। कार में सवार दोनों युवक साकेत कॉलोनी के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, मेडिकल परीक्षण में युवकों के शरीर में अल्कोहल की मात्रा पाई गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार कार के विद्युत पोल और वाटर कूलर से टकराने तथा पोल के सड़क पर गिरने का दृश्य दिखाई दे रहा है। साकेत चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह के अनुसार, विद्युत विभाग ने क्षतिग्रस्त पोल समेत करीब 15 हजार रुपये के नुकसान का आकलन करते हुए आरोपियों को एस्टीमेट दिया है। आरोपियों ने विद्युत विभाग और नगर पालिका को हुए नुकसान की भरपाई करने का आश्वासन दिया है। किसी पक्ष की ओर से पुलिस में शिकायत नहीं दिए जाने के कारण दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर सुबह विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया पोल लगाने का कार्य शुरू किया। पोल बदलने में कई घंटे लगने के कारण साकेत क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। नगर पालिका के वाटर कूलर को हुए



नुकसान की भरपाई का भी आश्वासन दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने को लेकर चर्चा बनी हुई है।

# पतंग को पकड़ने खेत में दौड़ा मासूम, हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

**मेरठ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** परतापुर थाना क्षेत्र के गगोल गांव में बुधवार शाम लापता हुए नौ वर्षीय बालक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। उसका शव करीब 16 घंटे बाद बृहस्पतिवार सुबह पास के एक खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने विद्युत आपूर्ति बंद कराकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिवाल खास निवासी अकरम गगोल गांव के पास खेत में बने मकान में परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। उनका नौ वर्षीय बेटा शाद बुधवार शाम करीब चार बजे लापता हो गया था। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बालक का पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य माध्यमों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह शाद की मां ने पड़ोस के खेत में एक पतंग पड़ी देखी। इसके बाद खेत में तलाश करने पर बालक का शव पड़ा मिला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक, शव करंट से झुलसा हुआ था। मौके पर विद्युत आपूर्ति बंद कराकर शव को खेत से बाहर निकाला गया। सीओ ब्रह्मपुरी राम प्रकाश के अनुसार, प्रथम दृष्ट्या आशंका है कि शाद पतंग लेने के लिए खेत में गया होगा। इसी दौरान वह हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस अन्य पहलुओं से भी मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों भारत आएंगे

### ब्रिक्स सम्मेलन की सुरक्षा के लिए करीब 30 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया

**नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** ब्रिक्स सम्मेलन में 11 सदस्य देशों और साझेदार देशों के नेता व वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं। इसे देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा, यातायात, होटल, एयरपोर्ट और विदेशी नेताओं की आवाजाही को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। सम्मेलन की सुरक्षा के लिए करीब 30 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों भारत आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जिनपिंग के भारत दौरे की पुष्टि की। इससे दो दिन पहले रूस ने भी पुतिन के भारत आने की पुष्टि की थी। जिनपिंग का यह 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत का पहला दौरा होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की भी उम्मीद है। 15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। चीन ने बाद में अपने चार सैनिकों के मारे जाने की बात मानी थी। एयरपोर्ट, विदेशी नेताओं के ठहरने वाले 11 होटलों और भारत मंडपम के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था में एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं और तैयारियों को परखने के लिए लगातार मॉक ड्रिल की जा रही है। विदेशी नेताओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए विशेष रूट तैयार किए गए हैं और उनके काफिलों की आवाजाही को देखते हुए इन मार्गों पर रूट रिहर्सल भी की गई है। रूस और चीन के नेताओं के बड़े काफिलों को ध्यान में रखते हुए उनके संभावित मार्गों पर विशेष सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की जा रही है। सम्मेलन के दौरान 11 से 13 सितंबर तक 35 से ज्यादा सड़कों पर ट्रैफिक नियंत्रित या डायवर्ट किया जाएगा और 22 डायवर्जन पॉइंट बनाए गए हैं। वीआईपी काफिलों के गुजरने के दौरान कुछ रास्तों पर थोड़ी देर के लिए यातायात रोका भी जा सकता है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली के प्रमुख इलाकों की ओर जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त समय लेकर निकलने और यात्रा से पहले ट्रैफिक की ताजा स्थिति जांचने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए 11 सितंबर को दिल्ली में स्कूलों और कुछ सरकारी कार्यालयों के लिए अवकाश रखा गया है। वहीं, 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को 10 अक्तूबर के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है और 11-12 सितंबर से जुड़ी कुछ सुनवाइयों की तारीखों में भी बदलाव किया गया है।



# आज जुमे की नमाज हो लेकर जिले में अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 10 सितंबर (बु.)।** सहारनपुर कलक्ट्रेट में मस्जिद को तोड़े जाने के बाद कल जुमे की नमाज को देखते हुए प्रशासन पूरी सतर्कता से काम कर रहा है।

**दंगा नियंत्रण वाहनों के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

इसके चलते धर्मगुरुओं की बैठकों के साथ तमाम स्थानों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। शहर के संवेदनशील इलाकों के साथ शाहपुर के ग्राम तावली में किया फ्लैग मार्च किया गया। सहारनपुर में हाल में कलक्ट्रेट में अवैध मस्जिद को ध्वस्त किए जाने को लेकर मिल रही प्रतिक्रियाओं के बीच कल जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने थाना कोतवाली नगर व थाना खालापार क्षेत्र में पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर फ्लैग मार्च किया। जिले के सभी सर्किलों में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी सिटी द्वारा प्रमुख मार्गों, बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं आसपास के स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्कता के साथ ड्यूटी करते हुए आमजन को सुरक्षित वातावरण का भरोसा दिलाया गया। फ्लैग मार्च के दौरान अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक द्वारा थाना शाहपुर क्षेत्र के ग्राम तावली में पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल द्वारा गांव एवं आसपास के क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय द्वारा पुलिस बल को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामाजिक व अराजक तत्वों के विरुद्ध तत्काल एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, थानाध्यक्ष शाहपुर गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीजेपी प्रदर्शन: नाबालिग लड़की के उत्पीड़न पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- किसी आरोपी को बचाया नहीं जाना चाहिए

**नई दिल्ली, 10 सितंबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जुलाई में 'कॉकरोच जनता पार्टी' के विरोध प्रदर्शन में शामिल एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न के आरोपों को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी आपराधिक कार्रवाई करने के लिए पीड़ित या उसके परिवार को डराने-धमकाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से लड़की की एफआईआर पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा और इस मामले पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश सरकारों से रिपोर्ट मांगी। बेंच ने कहा, 'ऐसे मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर किसी बच्चे के खिलाफ हिंसा का मामला हो तो किसी को भी बचाया नहीं जाना चाहिए। अगर ऐसे कामों के आरोपी खुलेआम घूम रहे हों और बच्चे या उसके परिवार को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हों ताकि वे आपराधिक कार्रवाई न करें, तो यह एक गंभीर मामला होगा।' 14 साल की लड़की के वकील ने कोर्ट को बताया कि सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति ने वीडियो में दावा किया था कि उसने लड़की के पिता पर हमला किया था। इस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद लड़की को परेशान किया गया और उसके घर में तोड़-फोड़ की गई। बिना किसी का नाम लिए वकील ने कहा कि जो लोग आरोपी के साथ थे और कथित तौर पर कैमरे में कैद हुए थे, उन पर कार्रवाई करने के बजाय बच्चे के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर ली गई। वकील ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश के भी खिलाफ है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद छात्र को नोटिस, एसीपी निलंबित, डीजीपी ने जांच का दिया आदेश

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** जंतर-मंतर प्रदर्शन में शामिल जीबीयू छात्र अक्षत त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पांच लाख रुपये के मुचलके का नोटिस जारी करने के मामले में गौतमबुद्धनगर के एसीपी (कार्यपालक मजिस्ट्रेट-तृतीय) डॉ. रवि शंकर मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 से 25 जुलाई के बीच जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल युवाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया था। चार सितंबर को छात्र को नोटिस जारी किया गया था, जिसे पांच सितंबर को वापस ले लिया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भी एसीपी के निलंबन की जानकारी दी है।

# स्कूल की बदहाली दिखाई तो पत्रकार पर मुकदमा, हाईकोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक; अधिकारियों को फटकारा

**लखनऊ, 10 सितंबर (एजेंसी)।** राजधानी लखनऊ के एक सरकारी स्कूल की बदहाल स्थिति और साफ-सफाई की खराब व्यवस्था को उजागर करने पर पत्रकार के खिलाफ केस दर्ज हो गया। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पत्रकार के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि स्कूल की कमियां सामने आने के बाद पत्रकार के खिलाफ बदले की भावना से एफआईआर दर्ज की गई। कमियों को दूर करने के बजाय अधिकारियों ने इसे 'ईगो इश्यू' बना दिया है। जस्टिस अब्दुल मोइन और जस्टिस प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने आदेश में कहा कि स्कूल की कमियां सामने लाने वाले पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना ऐसा है, जैसे गलती सुधारने के बजाय उसे उजागर करने वाले व्यक्ति को ही निशाना बनाया जाए। कोर्ट ने इसे 'किलिंग द मैसेंजर' जैसा बताया। कहा कि ऐसी कार्रवाई कानून के मुताबिक सही नहीं है। मामला लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र का है। पत्रकार अमित यादव ने अपने खिलाफ 24 अगस्त को दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। याचिका के मुताबिक, अमित यादव 20 अगस्त को पत्रकार के तौर पर गोसाईगंज के बेगरिया मऊ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंचे थे। वहां उन्होंने स्कूल की स्थिति का जायजा लिया। कुछ शिक्षकों से बातचीत भी की। हाईकोर्ट ने मामले की परिस्थितियों को देखते हुए पत्रकार को राहत दी है। कोर्ट ने एफआईआर पर रोक लगा दी है। कहा कि अगले आदेश तक इस मामले में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाए।